# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 07.09.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.09.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में "जल जीवन मिशन योजना" के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी महोदया के साथ समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी, सहायक अभियन्तागण व अवर अभियन्तागण, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी.पी.एम.यू.) व टी.पी.आई एजेंसी के डी.टी.एल. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा 01 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 03 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण तथा 01 नग पंप हाउस तेरापुरसौली के सापेक्ष 01 नग पंप हाउस तेरापुरसौली का कार्य पूर्ण किया गया, जो कि संतोषजनक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को आगामी मासिक बैठक से पूर्व 02 नग पंप हाउस के कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही–परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत 840 ओवरहेड टैंक के सापेक्ष अब तक 676 ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है। 164 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य अभी शेष है, जिसमें से 100 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य 75 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में पाया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जनपद की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी माह आयोजित समीक्षा बैठक से पूर्व 02 नग ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हरदोई।)**

3. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के अंतर्गत कुल 5014.45 किलोमीटर रोड कटिंग का कार्य किया गया था, जिसके सापेक्ष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य अब तक कुल 4969.12 किलोमीटर किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था मै0 एन. सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी माह 20 अक्टूबर से 20 नवंबर तक कई त्योहारों के कारण सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से सड़क पुर्नस्थापना हेतु मजदूरों का मिलना कठिन रहेगा। फलस्वरूप 10 सितम्बर 2026 से लेकर 20 अक्टूबर 2026 तत्पश्चात 20 नवंबर 2026 से लेकर 10 दिसंबर 2026 के बीच सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किए जाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हरदोई।)**

4. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि जनपद हरदोई की कार्यदायी संस्था मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 853 नग ट्यूबवेल निर्माण के सापेक्ष शत–प्रतिशत ट्यूबवेल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, परंतु नियमित जलापूर्ति 1865 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 1590 राजस्व ग्रामों में की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा नियमित जलापूर्ति की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि शेष राजस्व ग्रामों में ज़हां पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सीधे ट्यूबवेल से ग्रामीणों को जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें ताकि जनपद के शत्–प्रतिशत् ग्रामों में जलापूर्ति का लाभ प्रदान किया जा सके।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हरदोई।)**

5. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन से यह पाया गया कि अगस्त 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम ग्रामीण, हरदोई से संबंधित कुल 1003 शिकायत पत्र पाए गए, जिसमें से 470 शिकायतें नियमित जलापूर्ति, 248 शिकायतें टैप कनेक्शन तथा 222 शिकायतें लीकेज से संबंधित पाई गईं। विवरण पत्र में संलग्न माहवार आई.जी.आर.एस. के तुलनात्मक विवरण पत्र के अवलोकन में यह पाया गया कि माह जून 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर 2476 शिकायतें, माह जुलाई 2026 में कुल 1414 शिकायतें तथा माह अगस्त 2026 में कुल 1003 शिकायतें दर्ज पाई गईं। आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर निरंतर दर्ज शिकायतों की संख्या में कमी आने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि विकासखंड बावन, सांडी एवं टड़ियावां में अब भी शिकायतें सर्वाधिक हैं तथा पेयजल योजनाएं क्रमशः अटवा असिगवां, बाजपुर नकटौरा, जफरपुर, तिगावां, लालपुर कम्हारी, बघराई (जी.ओ.जी.पी.) तथा हरिहरपुर में शिकायतें अधिक हैं। उक्त क्षेत्रों के अवर अभियंता निरंतर अपने–अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शिकायतों को शून्य कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अवर अभियंता (खण्डान्तर्गत), जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।)**

6. **अन्य विशेष निर्देशः** मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा नियमित जलापूर्ति हो रहे ग्रामों में पाइपलाइन में होने वाली लीकेजों को ससमय मरम्मत करने के कड़े निर्देश दिये गये। साथ ही महोदया द्वारा ग्रामों में नियमित जलापूर्ति को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–समस्त सहायक अभियंता, अवर अभियंता जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हरदोई।)**

Digitally signed by
MANISH GANGWAR
Date: 10-09-2026
16:05:40

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित
Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 12-09-2026
15:07:03
जिलाधिकारी
हरदोई।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।**

**पत्रांक** 4896 / का-20 / 1175 **दिनांकः** 14/9/24

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, महोदया हरदोई को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त सहायक अभियंता व अवर अभियंता (खण्डान्तर्गत), जल निगम (ग्रामीण), हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. डी.टी.एल., मै0 सेन्सिस टेक लिमिटेड, हरदोई (टी.पी.आई. एजेंसी) को अनुपालनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।